भारत सरकार
आवासन और शहरी कार्य मंत्रालय
लोक सभा
अतारांकित प्रश्न सं0 3923
12 दिसंबर, 2019 को उत्तर के लिए

सेन्ट्रल विस्टा का पुनरुद्धार

3923. श्री कार्ती पी. चिदम्बरमः

क्या **आवासन और शहरी कार्य मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या सेन्ट्रल विस्टा के पुनरुद्धार कार्य का ठेका दे दिया गया है और यदि हां, तो ठेका प्रक्रिया का तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;
(ख) क्या नई निर्मित इमारतें कार्बन-निरपेक्ष होंगी और उनमें सौर ऊर्जा चालित उपकरण होंगे; और
(ग) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं?

<u>उत्तर</u>
आवासन और शहरी कार्य राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार)
(श्री हरदीप सिंह पुरी)

(क): सेंट्रल विस्टा के विकास/पुनर्विकास हेतु परामर्शदाता की नियुक्ति केंद्रीय लोक निर्माण विभाग द्वारा गुणवत्ता-सह-लागत आधारित प्रणाली (क्यूसीबीएस) का पालन करते हुए खुली बोली और ई-निविदा के माध्यम से की जाती है।

(ख) और (ग): यह परियोजना आयोजना स्तर पर है। इन भवनों को ऊर्जाक्षम बनाने और सौर ऊर्जा का उपयोग करने के प्रयास किए जाएगें।

****